समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# प्रधानमंत्री नरेद्रं मोदी के बीकानेर दौरे की तैयारी बैठक हनुमानगढ़ मे आयोजित, भाजपा कार्यकर्ताओं को सौंपी गई जिम्मेदारियां।

Publisher

Published on 20 May 2025




## प्रधानमंत्री नरेद्रं मोदी के बीकानेर प्रवास को लेकर हनुमानगढ़ मे भाजपा की तैयारी बैठक, मंडल स्तर पर तय हुई ज़िम्मेदारियां।

सवांदाता,हनुमानगढ़,राजस्
थान

**हनुमानगढ़, 20 मई 2025:** प्रधानमंत्री श्री.नरेद्रं मोदी के आगामी **बीकानेर प्रवास (22 मई, बृहस्पतिवार)** के संबंध में आज **भाजपा जिला कार्यालय**, **हनुमानगढ़** में एक महत्वपूर्ण तैयारी बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का उद्देश्य प्रधानमंत्री के स्वागत व अभिनंदन कार्यक्रम की रूपरेखा तय करना और भाजपा कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक जिम्मेदारियां सौंपना था।

### बैठक मे हुंए प्रमुख निर्णय

बैठक में तय किया गया कि **प्रधानमंत्री मोदी** के स्वागत हेतु **बीकानेर जाने वाले कार्यकर्ताओं का समूह** तैयार किया जाएगा। इसके लिए **विधानसभा स्तर** और **मंडल स्तर** पर जिम्मेदारियां तय की गईं, जिससे कार्यक्रम में अनुशासित और भव्य उपस्थिति दर्ज कराई जा सके।

### प्रमुख नेता और पदाधिकारी रहे मौजूद

बैठक की अध्यक्षता **भाजपा जिला अध्यक्ष श्री.प्रमोद डेलू** ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश प्रवक्ता एवं विधायक **श्री.कुलदीप धनकड़**, प्रदेश मंत्री **श्री.विजेद्रं पूनिया,** एवं जिला प्रभारी **श्री.अखिलेश प्रताप सिंह** मौजूद रहे।

**इसके अलावा बैठक मे कंई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे :**
१.'**पूर्व प्रदेश मंत्री श्री काशीराम गोदारा**
२. **पूर्व किसान मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष श्री राम सिंह बराड़**
३. **पूर्व जिला अध्यक्ष श्री देवेद्रं पारीक**
४. **पूर्व विधायक श्री धर्मेद्रं मोची**
५. **भाजपा प्रत्याशी श्री अमित सहू**
६. **वरिष्ठ नेता श्री गुरदीप सिंह शाहपीनी**

सभी मंडल **अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, मोर्चों के जिला अध्यक्ष एवं सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता** इस बैठक में उपस्थित रहे।

**आयोजन का उद्देश्य**
इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य **प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत कार्यक्रम को सफल बनाना** और यह सुनिश्चित करना है कि बीकानेर दौरे के दौरान भाजपा की मजबूत मौजूदगी दिखे। कार्यकर्ताओं को कहा गया कि वे जनता तक सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी पहुंचाएं।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.